

# यह केवल सड़क नहीं समृद्धि का रास्ता है : डॉ मोहन यादव

- मुख्यमंत्री ने उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड की रखी नींव
- आईटीआई कॉलेज और चंबल पर बांध की भी घोषणा
- केंद्रीय विद्यालय का किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को नागदा में 5017 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 98.73 किलोमीटर लंबे उज्जैन-जावरा फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे का भूमि पूजन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक उज्जैन जावरा ग्रीनफील्ड नहीं है बल्कि समृद्धि का रास्ता है. इससे महाकुंभ 2028 में आने वाले यात्रियों श्रद्धालुओं के साथ ही किसानों व्यापारियों को भी बड़ा लाभ होगा.

नागदा के लिए केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ करने के साथ नवीन आईटीआई कॉलेज, चंबल नदी पर बांध निर्माण, मटर मंडी के लिए शासकीय भूमि आवंटन और निजी फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कराने की घोषणा भी सीएम ने घोषणा की.

दिल्ली मुंबई से कनेक्टिविटमुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे बनने से नागदा सहित पूरे क्षेत्र के औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी. यह मार्ग दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन को भी सुगम बनाएगा.

**सड़क नेटवर्क का विस्तार**-प्रदेश में सड़क और आधारभूत ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए सड़क नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें. मुख्यमंत्री ने कहा कि मालवा क्षेत्र को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के प्रयास जारी हैं और इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे.

**विद्यालय का शुभारंभ** -कार्यक्रम के दौरान नागदा में केंद्रीय विद्यालय का भी शुभारंभ किया गया. पहले चरण में कक्षा पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई शुरू होगी. प्रत्येक कक्षा में 40 विद्यार्थियों के हिसाब से कुल 200 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा. इनमें 25 प्रतिशत सीटें शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत आरक्षित रहेंगी. नियमित कक्षाएं 3 अगस्त से प्रारंभ होंगी.

### राष्ट्रीय स्तर की सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से नागदा और आसपास के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होगी. विद्यालय में आधुनिक शिक्षण सुविधाएं, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की व्यवस्था की जाएगी.

### हेलमेट भी वितरित किए

इस दौरान जनसेवा प्रहरी योजना का शुभारंभ किया गया तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों को हेलमेट वितरित किए गए. संबल योजना के हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक भी प्रदान किए गए. फूड प्रोसेसिंग यूनिट से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया तथा समृद्ध किसानों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया.

**राज्यपाल भी हुए शामिल** -कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा कि नागदा क्षेत्र लंबे समय से बेहतर सड़क और केंद्रीय विद्यालय की मांग कर रहा था, जो अब पूरी हो गई है. उन्होंने विश्वास जताया कि हाईवे परियोजना सिंहस्थ से पहले पूरी होने पर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों दोनों को लाभ मिलेगा.

**ऋण मुक्तेश्वर मंदिर में पूजन**-नागदा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की. इसके बाद बिरलाग्राम एयर स्ट्रिप पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. कार्यक्रम में राज्यपाल थावरचंद गहलोत, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे.

**जलेबियां भी बनाई**-मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन में देर रात तक घूमते रहे और सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर विकास कार्यों को देखते रहे, इसी दौरान में सतीगेट, कंढाल, तेलीवाड़ा क्षेत्र में भी पहुंचे, यहां पर व्यवसयियों से बात की, रहवासीयों से निर्माण कार्य पर चर्चा की और एक रेस्टोरेंट में रुककर अपने हाथों से जलेबीयाँ भी बनाई.

# नरोत्तम समर्थकों ने हाईवे जाम किया, आज दतिया बंद

## इस्तीफों की झड़ी लगी, टिकट बदलने के लिए उग्र प्रदर्शन, महिलाएं सड़क पर लेटी

नवभारत न्यूज

**दतिया. दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद जिले का राजनीतिक माहौल गर्मा गया है. पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों ने टिकट बदलने की मांग को लेकर दतिया-ग्वालियर हाईवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यातायात प्रभावित हुआ. कल दतिया बंद का आह्वान भी किया गया है.**

नरोत्तम मिश्रा के समर्थक प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेतृत्व के खिलाफ नाराजगी जताते हुए टिकट बदलने की मांग की. समर्थकों का कहना है कि यदि पार्टी ने अपने निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया तो शनिवार को दतिया के बाजार बंद रखे जाएंगे. अधिकांश दुकानें शाम से ही बंद हो गई. प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाईवे पर बैठ गए, जिसके चलते पुलिस और प्रशासन को मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी.



### मिश्रा का टिकट कटते ही फूटा समर्थकों का गुस्सा

पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता नरोत्तम मिश्रा का टिकट करते ही विरोध तेज हो गया. कार्यकर्ताओं ने दतिया बीजेपी जिला कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और नेशनल हाईवे-44 पर जाम लगा दिया. हजारों समर्थकों ने नरोत्तम मिश्रा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की. तमाम महिलाएं सड़क पर लेट गईं. गौरतलब है कि बीजेपी ने उपचुनाव के लिए आशुतोष तिवारी को प्रत्याशी बनाया है. विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए रखी. पूर्व गृह मंत्री मिश्रा के नजदीकी माने जाने वाले नेताओं ने नाराजगी के साथ कहा कि दतिया के इतिहास में आज काला दिन है, दतिया जिले के सभी पदाधिकारी रोड पर चक्काजाम कर रहे हैं. व्यापारियों ने बाजार बंद कर दिये है और पदाधिकारी अपना इस्तीफा देने को तैयार है. उन्होंने कहा कि टिकिट को तुरंत बदला जाये, नहीं तो पोलिंग बूथ पर एजेंट भी नहीं मिलेंगे. उन्होंने पार्टी को चेतावनी दी कि आज चक्का जाम किया है, कल दिल्ली कूच करेंगे. नरोत्तम समर्थकों ने संगठन से कहा कि टिकिट को तुरंत बदला जाये.

**भाजपा जिलाध्यक्ष समेत सभी पार्षदों ने दिए इस्तीफे**-दतिया बीजेपी के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह समेत सभी बीजेपी पार्षदों एवं पार्टी के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटे जाने के विरोध में अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है.

ममता मीना ने नरोत्तम मिश्रा की 2023 की हार को भी एक साजिश बताया. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि मिश्रा को राज्यसभा भेजा जाएगा या प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाएगा. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. उन्होंने इसे एक बड़े नेता की राजनीतिक रूप से 'हत्या' करार दिया. ममता मीना ने पार्टी के भविष्य को लेकर बड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने अंदेशा जताया कि जिस तरह कांग्रेस दो हिस्सों में बंट गई थी, वैसा ही हाल भाजपा का भी हो सकता है. उनके अनुसार, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा में विभाजन की स्थिति बन सकती है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने की अपील की ताकि दतिया जैसी घटना कहीं और न दोहराई जाए.

### पूर्व विधायक ममता का फूटा गुस्सा, दी बड़ी चेतावनी

पूर्व भाजपा विधायक ममता मीना ने कहा है कि नरोत्तम मिश्रा एक बड़े सनातनी नेता हैं. उन्होंने दतिया के डबरा क्षेत्र में भव्य नवग्रह मंदिर बनवाया था. वह प्रदेश की चुनाव समिति के सदस्य भी थे. इसके बावजूद उनका टिकट काट दिया गया. मीना के अनुसार, इस फैसले से नरोत्तम मिश्रा और उनके कार्यकर्ताओं को गहरा दुख पहुंचा है. पूर्व विधायक ने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि पार्टी अब अपने वरिष्ठ और बड़े नेताओं को लगातार दरकिनार कर रही है. उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह चाचौड़ा से उनका टिकट काटा गया, वैसे ही अब अन्य बड़े नेताओं के साथ हो रहा है. ममता मीना ने प्रह्लाद पटेल, उमा भारती, कैलाश विजयवर्गीय, वसुंधरा राजे और यशोधरा राजे का नाम लिया. उन्होंने दावा किया कि इन सभी कद्दावर नेताओं को संगठन में हाशिए पर डाल रहा है.

### नशामुक्ति अभियान 15 से

भोपाल, 10 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस 15 से 30 जुलाई तक राज्यव्यापी नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' चलाएगी. अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए पुलिस मुख्यालय ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि अभियान को केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए. पुलिस महानिदेशक ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभियान की तैयारियों की समीक्षा की. उन्होंने बताया कि यह अभियान केंद्रीय गृह मंत्रालय के नारकोटिक्स कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट 2026-29 के अनुरूप संचालित होगा.

पेज एक का शेष

### एंटी इंकमबेंसी का खतरा इसलिए बदला चेहरा

ये अटकलें आज शाम उस वक्त हकीकत में बदल गईं जब पार्टी ने दतिया की सियासत पर करीब डेढ़ दशक तक एकछत्र राज करने वाले अपने स्थापित चेहरे नरोत्तम मिश्रा को विश्राम देते हुए आशुतोष तिवारी के नाम पर दांव खेलना ज्यादा मुनासिब समझा. आशुतोष तिवारी को चुनाव मैदान में उतारे जाने की पृष्ठभूमि में कई फैक्टर हैं. मसलन, वे संघ के प्रचारक रहने के बाद भाजपा में आए हैं. सरल सहज और सर्व उपलब्ध छवि रखते हैं. ग्वालियर में भाजपा के संभागीय संगठन मंत्री रहे हैं. हालांकि अब यह पद समाप्त हो चुका है लेकिन संगठन मंत्री संघ के प्रतिनिधि के रूप में पार्टी पर नियंत्रण और दिशा निर्देशन की अहम जिम्मेदारी निभाता रहा है. संघ के एजेंडा पर पार्टी किस तरह आगे बढ़े, यह तय करना संभागीय संगठन मंत्री का ही दायित्व होता है. ग्वालियर चंबल में इस कसौटी पर आशुतोष तिवारी खरे साबित हुए थे और तभी से संघ की नजरों में चढ़े हुए थे. तत्कालीन शिवराज सरकार के कार्यकाल में आशुतोष एमपी हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन भी रहे और अन्य निगम बोर्ड अध्यक्षों की तुलना में उनका रिपोर्ट कार्ड बेहतर माना गया था. इस बात में कोई शक नहीं कि कभी कांग्रेस और कभी सपा के कब्जे में रहने वाली दतिया सीट को डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने अपनी पंद्रह साल की विधायकी में भाजपा की पारम्परिक सीट बना दिया था लेकिन 2023 में बुंदेलखंड की इस सीट पर उनका जादू उतर गया और उन्हें कांग्रेस के राजेन्द्र भारती के मुकाबले शिकस्त मिली. बहरहाल, भाजपा दतिया के मामले में कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं है, यही वजह है कि पार्टी ने नरोत्तम को ड्रॉप कर बिल्कुल नए चेहरे पर यकीन किया है. दतिया जिले की भांडेर तहसील के ग्राम पिपरौआ के निवासी आशुतोष ऐन मौके पर टिकट से वंचित किए गए अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता की पारम्परिक सीट पर पार्टी को चुनावी वैतरणी किस तरह पार लगाएंगे, इसका पता तीन अगस्त को ही लगेगा जब ईवीएम खुलेंगी.


**पश्चिम रेलवे**

**"ई-निविदा सूचना"**

**निविदा सूचनाः M247GLRSKAVACH 262714 Date: 08.07.2026. कार्य का नामः 13 इलेक्ट्रीक लोको में KAVACH (TCAS) संबंधित कार्य।** मु. का. प्र. / दाहोद प. रेलवे कार्यालय। **कार्य की अनुमानित लागतः Rs. 48,32,100/-। बयाना राशिः Rs. 96,700/-। ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समयः** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय **31.07.2026 को 14.30 बजे** तक तथा ई-निविदा उसी दिन **15.00 बजे** खोली जायेगी। **निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धताः** www.ireps.gov.in/ E-Tenders / Works /IR Electrical | 0145

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**वाणिज्य शाखा**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को (www.ireps.gov.in) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **क्र.सं.** 1। **ऑक्शन केटलॉग सं.** PnU-RTM-WR-15. **अनुबंध का प्रकारः** Pay & Use. **लॉट नं.** PnU-RTM-RTM-WRL-51-26-1 (Pay and Use - Lounges/Waiting/Retiring/ Cloak Rooms)। **अनुबंध की अवधिः** 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथिः** 24.07.2026। **समय प्रातः** 11:00 बजे। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है । IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। 0143

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60